पाठ - 3

म्याऊँ, म्याऊँ!!

सुहानी की बात

Q1. तुम्हें अपनी दोस्त सुहानी याद है न? उसका एक दोस्त भी था। उस नटखट दोस्त का नाम लिखो। ....

उत्तर : स्वयं करे

Q2. इस कविता में बिल्ली की आवाज़ किसने निकाली है? उसका भी नाम सोचो।

..

उत्तर : इस कविता में बिल्ली की आवाज़ एक लड़की ने निकाली है। उसका नाम झिलमिल हो सकता है।

Q3. अगर सुहानी इस लड़की की दोस्त होती तो क्या करती?

..

उत्तर : अगर सुहानी इस लड़की की दोस्त होती तो वह चुहिया को समझती और उसे तंग करने से मना करती। इसके अतिरिक्त यदि देखा जाए तो बिल्ली चूहे को खा जाती है परंतु सुहानी एक अच्छी बिल्ली है। इस कारणवश वह चुहिया को नहीं मारेगी।

डरना मत

Q1. कविता में लड़की ने म्याऊँ की आवाज़ निकाली थी। म्याऊँ की आवाज़ सुनकर चुहिया पर क्या असर हुआ होगा?

बन गया वाक़्य

उत्तर : म्याऊँ की आवाज़ सुनकर चुहिया डर गई होगी। वह डर के मारे काँपने लगी होगी। इसका असर यह हुआ होगा कि वह दोबारा लड़की को तंग करने नहीं आई होगी।

Q2. तुम्हें सबसे ज़्यादा डर किससे लगता है? तब तुम क्या करते हो?

उत्तर : मुझे सबसे ज़्यादा डर छिपकली से लगता है। जब छिपकली दिखती है, तो मैं डर के मारे सन्न रह जाती हूँ। जब तक कोई उसे भगा नहीं देता कमरे में नहीं जाती हूँ।

Q3. अब बताओ तुम्हें अगर उसे डराना हो तो कैसे डराओगे? क्या करोगे?

उत्तर : अगर मुझे उसे डराना होगा, तो झाड़ू लेकर उसके आसपास हिलाऊँगी या ताली बजाऊँगी, जिससे वह कमरे से बाहर चली जाए।

नोक

Q1. चुहिया ने नाक की नोक पर चूँटी भरी। किन-किन चीज़ों की नोक होती है? लिखो और उसका चित्र बनाओ। ....

उत्तर :



चूँटी

Q1. चूँटी अँगूठे और उँगलियों से भरी जाती है। अँगूठे और उँगलियों से और कौन-कौन से काम किए जा सकते हैं? ....चुटकी बजाना... ....

उत्तर : चुटकी बजाना नमक डालना सुई के माध्यम से कपड़े सिलना करछी चलाना

शब्दो का उलट फेर

Q1. सूझा मुझको एक बहाना

मुझको सूझा एक बहाना

कविता में कही गई इस बात को बातचीत में इस तरह कहेंगे-

मुझको एक बहाना सूझा।

नीचे लिखी बातों को दो तरीकों से लिखो।

खड़ी गाय थी चौराहे पर	**घुस गया शेर जंगल में**
....	....

उत्तर : गाय थी खड़ी चौराहे पर जंगल में शेर घुस गया गाय चौराहे पर खड़ी थी। शेर जंगल में घुस गया।